Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to upgrade schools in Maharajganj Parliamentary Constituency in Bihar as PM Shri Schools.

श्री जनार्दन सिंह सिग्रीवाल (महाराजगंज) : महोदय, बिहार राज्य अंतर्गत सारण प्रमंडल के जिला-सारण (छपरा) एवं जिला-सिवान में परिसीमित मेरा लोक सभा क्षेत्र महाराजगंज है। इसी प्रमंडल में भारत के प्रथम राष्ट्रपति भारत रत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद, देश को दूसरी आजादी दिलाने वाले लोकतंत्र के रक्षक भारत रत्न लोकनायक जयप्रकाश नारायण एवं महान शिक्षाविद मौलाना मजहरूल हक की जन्मस्थली एवं कर्मस्थली रहा है। ऐसे महान विभूतियों की जन्मस्थली एवं कर्मस्थली तथा मेरे लोक सभा की जनता को शिक्षा के क्षेत्र में अधिक से अधिक आधुनिक अवसर उपलब्ध कराने की अति आवश्यकता है। बिहार तो वैसे ही अति पिछड़ा राज्य है, उसमें भी मेरा लोक सभा क्षेत्र हर क्षेत्र में बहुत ही पिछड़ा है, विशेषकर शिक्षा के क्षेत्र में। आज हमारी सरकार शिक्षा के क्षेत्र में आमूल-चूल एवं क्रांतिकारी परिवर्तन के साथ शिक्षा पद्धति को आगे बढ़ा रही है। इसी क्रम में शिक्षा मंत्रालय के द्वारा 2024 तक देश के सभी प्रखंडों में "PM-श्री "स्कूल के नाम से आदर्श स्कूलों का उन्नयन करने का निर्णय लिया गया है। यह बहुत ही लाभकारी एवं जनहितकारी योजना है। इसलिए मैं भी चाहता हूं कि इस योजना के तहत मेरे लोक सभा के क्षेत्र के सभी प्रखंडों जैसे- पानापुर, तरैयां, मशरक, बनियापुर, लहलादपुर (जनताबाजार), एकमा, मांझी, जलालपुर, भगवानपुर हाट, महराजगंज, बसंतपुर, लकड़ीनवीगंज एवं गोरेयाकोठी में से एक-एक विद्यालय को चयनित कर उक्त योजना के तहत अपग्रेड किया जाए। अत: माननीय सभापति महोदय के माध्यम से भारत सरकार के शिक्षा मंत्री जी से मेरा अनुरोध है कि मेरे लोक सभा क्षेत्र के सभी प्रखंडों में "PM-श्री" स्कूल उन्नयन हेतु आवश्यक कदम उठाया जाए, जिससे कि मेरे क्षेत्र की जनता के बच्चों का भविष्य उज्ज्वल बनाने में सरकार का सराहनीय सहयोग मिल सके।

… (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Please be seated.